दैनिक
न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास

### ट्रैन से सामने कूदकर बीएसपी कर्मी ने की आत्महत्या

**भिलाई(आरएनएस)।** पावर हाउस रेलवे स्टेशन के पास न्यू वसंत टाकीज के सामने दुर्ग की ओर जाती एक्सप्रेस के सामने कूदकर बीएसपी कर्मी ने जान दे दी। घटना आज सुबह लगभग 11 बजे की है। कैंप -1 निवासी इस व्यक्ति की पहचान हरीश चंद्र के रूप में हुई है। पुलिस को मिले आईकार्ड के अनुसार हरिशच्रदं बीएसपी की टेक्निशियन के पद पर कार्यरत है। मामले में भट्ठी पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के मुताबिक आज सुबह करीब 11 बजे दुर्ग की ओर जा रही ट्रेन के सामने हरिशचंद्र आत्महत्या की नीयत से खड़ा हो गया। प्रत्यक्ष दर्शियों के मुताबित ट्रेन के सामने व्यक्ति को देख लोको पायलट ने ट्रेन रोक उसे हटाया और फिर ट्रेन को चला दिया। एक बार हटने के बाद हरिशचंद्र चलती ट्रेन के सामने कूद गया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद भट्ठी थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा बनाया। मृतक के जेब से मिले आई कार्ड के आधार पर उसकी पहचान कर परिवार वालों को सूचित किया गया। सूचना के मौके उसका बेटा पहुंचा लेकिन रो रो कर उसका हाल बुराथा।

### पैसा मांगा नहीं देने पर चाकू से किया जानलेवा हमला, युवक घायल

**रायपुर (आरएनएस)।** शहर के कबीरनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बाल्मिकीनगर में बुधवार की रात में एक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला करने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में पुलिस ने तीन युवकों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बाल्मिकीनगर का रहने वाला सोमनाथ सागर का 22 वर्षीय पुत्र नीलू सागर कल रात करीब 8 बजे वाल्मिकीनगर स्थित सरोज किराना दुकान के पास खड़ा था। उसी समय आरोपी शेख जमीर अपने साथी असलम व छोटू के साथ वहां पहुंचा और नीलू से 2 हजार रुपये की मांग की। नीलू ने जब पैसे देने से इंकार कर दिया तो आरोपियों ने पहले तो नीलू के साथ गाली-गलौज पर उतार आये इसके बाद शेख जमीर ने अपने पास रखा चाकू निकाला और नीलू पर हमला कर दिया। हमले में नीलू घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। इधर घटना के बाद तीनों बदमाश फरार है।

### राज्य प्रशासनिक सेवा के 9 डिप्टी कलेक्टरों को अब मिलेगा वरिष्ठ श्रेणी वेतनमान का लाभ

**रायपुर(आरएनएस)।** नौ डिप्टी कलेक्टरों का क्रमोन्नति आदेश जारी किया गया है, इन अधिकारियों को अब वरिष्ठ श्रेणी वेतनमान का लाभ मिलेगा। आदेश ामें 8 डिप्टी कलेक्टरों के साथ ही भू-राजस्व विभाग के महाप्रबंधक अविनाथ भोई को भी वरिष्ठ श्रेणी का वेतनमान का लाभ मिलेगा। सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय से जारी आदेशानुसार राज्य प्रशासनिक सेवा के कनिष्ठ श्रेणी में कार्यरत अधिकारियों संदीप कुमार अग्रवाल डिप्टी कलेक्टर रायपुर को दिनांक 1.1.2019 से वरिष्ठ श्रेणी वेतनमान दिए जाने का आदेश है। इसी तरह अन्य अधिकारियों में राजीव कुमार पांडेय डिप्टी कलेक्टर रायपुर, प्रेमप्रकाश शर्मा डिप्टी कलेक्टर राजनांदगांव, श्रीमती सूर्यकिरण तिवारी डिप्टी कलेक्टर बिलासपुर तथा अविनाश भोई महाप्रबंधक भू-राजस्व, स्मार्ट सिटी लिमिटेड रायपुर, अतिरिक्त प्रभार अपर आयुक्त नगर पालिक निगम रायपुर को भी वरिष्ठ श्रेणी वेतनमान दिए जाने का आदेश हुआ है। इसके अलावा सुरी लविना पांडेय डिप्टी कलेक्टर बलौदाबाजार-भाटापारा, विजेन्द्र सिंह डिप्टी कलेक्टर जशपुर, राजेश कुमार पात्रे डिप्टी कलेक्टर दुर्ग तथा सुश्री इंदिरा देवहारी डिप्टी कलेक्टर महासमुंद को वरिष्ठ श्रेणी वेतनमान दिए जाने का आदेश जारी किया गया है। इन सभी अधिकारियों को 1 जनवरी 2019 के हिसाब से वरिष्ठ श्रेणी वेतनमान का लाभ मिलेगा।

### माजदा ने बाइक को मारी टक्कर, एक की मौत, एक घायल

**रायपुर (आरएनएस)।** धरसींवा थाना क्षेत्र में सीलतरा के पास बुधवार को दोपहर में माजदा कार ने एक बाइक को टक्कर मार दी, जिससे उसमें सवार अजय मेरावी पिता देव सिंह 22 वर्ष की मौत हो गई, वहीं उसमें सवार अन्य एक लेखन सिंह को चोटें आई है। इस घटना के बाद पुलिस ने आरोपी माजदा चालक के खिलाफ धारा 279, 337, 304 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

# पीईटी परीक्षा मामले में त्वरित कार्यवाही का कांग्रेस ने किया स्वागत

**» भाजपा के बयानों पर कांग्रेस का पलटवार » सूपा बोले तो बोल, चलनी भी बोले जिसमें बहत्तर छेद**

**रायपुर (आरएनएस)।** पीईटी के मामले में प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री और कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने प्रवेश पत्र के प्रिंटआउट ना निकालने के मामले में तत्काल परीक्षा स्थगित करने के साथ-साथ चिप्स व्यापम के आठ अधिकारियों को नोटिस देने की त्वरित कार्यवाही के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रति आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पीईटी की परीक्षा में अभ्यर्थियों को हो रही असुविधा के लिये दोषी अधिकारियों पर कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। पीईटी की परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों के द्वारा लगातार कोशिशों के बावजूद वेबसाइट से प्रवेश पत्र डाउनलोड नहीं होने और प्रिंट ना होने की शिकायतों को देखते हुए पीईटी की परीक्षाओं की तिथी आगे बढ़ा दी गई है।

इस मामले में भाजपा के द्वारा की जा रही बयानबाजी और राजनीति पर तीखा प्रहार करते हुए प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री एवं संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी के शासनकाल में लोक सेवा आयोग की एक भी परीक्षा समुचित ढंग से संपन्न नहीं हुई थी और बेरोजगारों के हितों के साथ लगातार खिलवाड़ किया गया। प्रश्न पत्र लीक होने के कारण पीएमटी जैसी परीक्षा तीन.तीन बार लेनी पड़ी थी और छात्रों को बड़ी असुविधा हुई थी।

प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री एवं संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने भाजपा द्वारा इस मामले में जारी भाजपा के बयानों पर पलटवार करते हुये कहा है कि सूपा बोले तो बोलेए छलनी भी बोले जिसमें 72 छेद। भाजपा शासनकाल में हुई इन बड़ी घटनाओं में रमन सिंह सरकार ने किसी भी प्रकार की कोई प्रभावी कार्यवाही नहीं की थी। जिसका सबसे बड़ा कारण छात्रों और नौजवानों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों को भाजपा नेतृत्व द्वारा दिया गया संरक्षण था। भाजपा शासन के ठीक विपरीत कांग्रेस सरकार ने जहां एक ओर सबसे पहले परीक्षा स्थगित करके अभ्यर्थियों की समस्या का निराकरण करने का निर्णय लियाए वहीं दूसरी ओर 8 अधिकारियों को चिप्स और व्यापम के अधिकारियों को नोटिस दे दिए गए हैं।

## डॉयल 112 के जवानों के सुझबूझ ने फिर एक महिला की जान बचाई

**कवर्धा(आरएनएस)।** आज सी-4 से सूचना मिला कि बिरमपुर के स्कुल के पास एक्सीडेण्ट हुआ है, जिसमें एक महिला के दोनो पैर टूट गए हैं, तथा एक पुरुष को गम्भीर चोंट आई है। कि सूचना पर तत्काल कन्ट्रोल रूम द्वारा डॉयल 112 पैंथर 01 पंडरिया के पुलिस के जवानों को पॉईट नोट कराया, डॉयल 112 के पुलिस जवान आरक्षक 879 नवल किशोर ठाकुर और 112 चालक युगल चन्द्रवंशी, द्वारा पॉईट मिलते ही समय रहते घटना स्थल पहुंचे, जहाँ पर एक महिला फुलबाई पिता गलीराम गोड़ तथा दूसरा पुरुष नोहर पिता राम गोड़ जो दुर्घटना से गंभीर रुप से घायल थे। महिला के पैर की हड्डी टूटी हुई थी व पुरुष के सिर में गंभीर चोट था जिनको 112 के जवानो द्वारा प्राथमिक उपचार दिया जा रहा था, तभी 108 वाहन भी वहा पर पहुंचा। दोनो घायलो को 108 को सौप कर शासकीय अस्पताल पण्डरिया भेजा गया। फुलबाई तथा नोहर गोड़ जो अपनी सोल्ड प्लेटिना मोटर साइकल में ग्राम सागौन से ग्राम करपी जा रहे थे को पिकअप वाहन के द्वारा ठोकर मार कर घटना स्थल से भाग गया था।

## फोनी पर पैनी नजर रखने,मुख्य सचिव ने कलेक्टरों को निर्देश दिए

**रायपुर (आरएनएस)।** प्रदेश के मुख्य सचिव सुनील कुजूर ने बंगाल की खाडी में बने दबाव से समुद्री तूफान फोनी के कारण छत्तीसगढ़ राज्य में बन सकने वाले आंधी-तूफान की संभावनाओं को देखते हुए सभी कलेक्टरों को स्थिति पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए है। मुख्य सचिव ने इसी तरह सभी संभागीय कमिश्नरों को भी आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है।



मुख्य सचिव ने इस संबंध में आज राज्य शासन के वरिष्ठ अधिकारियों की एक बैठक लेकर फोनी तूफान की स्थिति तथा छत्तीसगढ़ राज्य में इससे होने सकने वाले प्रभावों एवं संभावनाओं पर चर्चा की। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार के मौसम विभाग द्वारा बंगाल की खाड़ी में बने दबाव से फोनी तूफान के कारण प्रदेश में आंधी-तूफान की स्थिति निर्मित होने की आशंका जताई गई है। छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा इस संबंध में राज्य के सभी कलेक्टरों को पत्र जारी कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

पत्र में निर्देशित किया गया है कि फोनी तूफान के कारण छत्तीसगढ़ के आंध्रप्रदेश और ओडिशा राज्य से लगे क्षेत्र में विशेष रूप से अधिक सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

## नक्सलियों ने 4 ग्रामीणों को उतारा मौत के घाट

**» मुखबिरी के संदेह में हुयी चारों हत्याएं**

**बीजापुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर एवं सुकमा जिले में हुयी अलग-अलग वारदातों में पुलिस मुखबिरी के संदेह में नक्सलियों ने 4 ग्रामीणों की धारदार हथियार से गला रेतकर निर्ममतापूर्वक हत्या कर दी। मौके पर नक्सलियों ने परचा भी फेंका है, जिसमें मृतकों को पुलिस का मुखबिर बताया गया है।



पुलिस सूत्रों के मुताबिक सुकमा जिले के क्रिस्टारम थाना क्षेत्र के कारीगुंडम गांव में कल रात अचानक ही 15-20 वर्दीधारी हथियारबंद नक्सली गांव में आ धमके। नक्सलियों ने पोडियम मुन्ना और काको लच्छू को उनके घर से बाहर निकालकर लाठी-डंडों से पीटना शुरू कर दिया। नक्सलियों ने दोनों ही ग्रामीणों के परिजनों को बताया कि वे पुलिस की मुखबिर हैं और उनकी गतिविधियों की सूचनाएं पुलिस तक पहुंचाते हैं। मारपीट में अधमरा करने के बाद दोनों ग्रामीणों को नक्सली जंगल की ओर उठाकर ले गए। आज सुबह दोनों का शव मुख्य मार्ग पर पड़ा मिला।

घटना की खबर लगते ही सरपंच ने सुकमा एसपी को लिखित रूप से इसकी जानकारी दी।

### सीबीएसई ने 12वीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित किए

**रायपुर (आरएनएस)।** सीबीएसई ने बारहवीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम आज जारी कर दिये। बोर्ड की अधिकारिक वेबसाइट सीबीएसईरिजल्टडॉटइन पर परिणाम देखे जा सकते हैं। सीबीएसई की 12वीं की परीक्षा इस साल 15 फरवरी से शुरू होकर 4 अप्रैल को खत्म हुई थी। 12 में इस बार कुल 31 लाख परीक्षार्थी शामिल हुए थे। इनमें 12.9 लाख लड़कियां और 18.1 लाख लड़के शामिल थे। सभी जोन के परिणाम एक साथ जारी किए गए।

## कांग्रेस के स्टार प्रचारक सीएम भूपेश बघेल आज यूपी के पांच बड़े स्थानों में कर रहे जनसंपर्क

**रायपुर (आरएनएस)।** कांग्रेस के स्टार प्रचारक प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज उत्तरप्रदेश के पांच बड़े स्थानों में सघन जनसंपर्क कर कांग्रेस तथा कांग्रेस प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार कर रहे हैं।



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के लिए आज तय कार्यक्रम के अनुसार वे आज सुबह लखनऊ से सुबह 10.30 बजे प्रस्थान कर मुसाफिरखाना जिला अमेठी पहुंचे हैं तथा यहां कांग्रेस प्रत्याशी तथा पार्टी के पक्ष में सघन जनसंपर्क कर रहे हैं। सीएम बघेल दोपहर 12.30 बजे मुसाफिरखाना से प्रस्थान कर दोपहर 1 बजे शाहगढ़ जिला अमेठी पहुंचेंगे और यहां जनसंपर्क कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद दोपहर 2.15 बजे शाहगढ़ से प्रस्थान कर दोपहर 2.30 बजे गौरीगंज पहुंचेंगे और यहां आयोजित जनसंपर्क कार्यक्रम में शामिल होंगे।

## मुठभेड़ में एक नक्सली कमांडर ढेर, दो गिरफ्तार

**जगदलपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ की दंतेवाड़ा जिला पुलिस ने आज सुबह मुठभेड़ में जहां आठ लाख के ईनामी वर्दीधारी हार्डकोर नक्सली कमांडर रोशन को मार गिराया, वहीं कुंआकोंडा थाना क्षेत्र में दबिश देकर दो नक्सलियों को गिरफ्तार करने में सफ्लता हासिल की है। मारे गए नक्सली के कब्जे से बंदूक बरामद की गयी है।

बस्तर आईजी विवेकानंद सिंहा ने बताया किरंदुल थाने से संयुक्त पुलिस बल गश्त सर्चिंग के लिए रवाना हुआ था। ग्राम पेरपा के समीप जंगल में घात लगाए नक्सलियों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी फौरन मोर्चा संभालते हुए गोलीबारी की। लगभग एक घंटे की मुठभेड़ बाद अंततः नक्सली घने जंगल और पहाड़ी की आड़ लेकर भाग गए। मौके से एक वर्दीधारी नक्सली का शव बरामद किया गया है, जिसकी रोशन मुइया, प्लाटून नंबर 24 के कमांडर के रूप में शिनाख्त की गयी है। रोशन की गिरफ्तारी पर 8 लाख रूपए का ईनाम घोषित किया गया था।

## 6 नक्सली गिरफ्तार

**सुकमा (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ की सुकमा जिला पुलिस ने दबिश देकर छह नक्सलियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

सुकमा एएसपी शलभ सिंहा ने बताया कि सुरक्षा बलों की संयुक्त टुकड़ी ग्राम किंदरेलपाड़, गोमपाड़ व चिंतागुफा की ओर गश्त सर्चिंग के लिए रवाना की गयी थी। इन इलाकों में नक्सलियों की मौजदूगी की पुख्ता सूचना थी। किंदरेलपाड़ के निकट जंगल में पुलिस पार्टी को देखकर आधा दर्जन संदिग्ध लोग भागने लगे, जिनका पीछा कर दबोच लिया गया। पकड़े गए नक्सलियों में बटालियन नंबर 1 का सदस्य 8 लाख का ईनामी कुंजाम सुक्का, एक-एक लाख के ईनामी नक्सली आरपीसी अध्यक्ष बेक्को राजा, एरिया मिलिशिया कमांडर माड़वी लच्छू एवं जनमिलिशिया कमांडर माड़वी गंगा के अलावा जीआरडी कमांडर मुचाकी आयता एवं मिलिशिया सदस्य कुड़ाम जोगा शामिल हैं। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार नक्सली दिंसबर 2014 को ग्राम कसाड़पाड़ के जंगल में



सीआरपीएफ की सर्चिंग पार्टी पर हुए नक्सली हमले में शामिल थे, जिसमें 14 जवान घायल हुए थे। हमले को नक्सलियों की बटालियन नंबर एक के लाल लड़ाकों ने अंजाम दिया था।

11 मार्च 2017 को भेज्जी के पास बंकूपारा मार्ग में नक्सलियों ने सीआरपीएफ की रोड ओपनिंग पार्टी पर बड़ा हमला किया था। इस हमले में सीआरपीएफ के 12 जवान शहीद और दो जख्मी हो गए थे।

इसके अलावा 24 अप्रैल 2017 को बुरकापाल के निकट पुलिया निर्माण कार्य की सुरक्षा में तैनात सीआरपीएफ जवानों पर किए गए हमले में 25 शहीद व 7 जवान घायल हुए थे। तीनों बड़े नक्सली हमले में बटालियन सदस्य कुंजाम सुक्का की मुख्य भूमिका थी।

## पल्लू के कारण हो रही है दिशा पाटनी की साड़ी की आलोचना

ऐक्ट्रेस दिशा पाटनी अपने लुक्स और आउटफिट के कारण अकसर चर्चा में रहती हैं। हाल ही में वह सलमान खान स्टारर भारत के एक गाने में नजर आईं। इस गाने में वह सलमान खान के साथ रोमांस करती नजर आ रही हैं। सोशल मीडिया पर गाना तो खूब पॉपुलर हो रहा है लेकिन इस गाने में दिशा पाटनी की साड़ी विवादों में घिर गई है।



इस गाने में दिशा पाटनी पीले रंग की साड़ी में नजर आ रही हैं। उनकी साड़ी का पल्लू रस्सी की तरह मोड़ कर कंधे पर रखा गया है। पहले इस साड़ी के लिए मेकर्स को सोशल मीडिया पर ट्रोल किया गया। अब कुछ मशहूर फैशन डिजाइनर्स भी इसकी आलोचना करते हुए सामने आए हैं। अवॉर्ड विनिंग फैशन डिजाइनर गौरंग शाह का मानना है कि इससे साड़ी की मूलता ही खत्म हो रही है।

गौरंग का कहना है कि हर किसी को कोई चीज अपने तरीके से बनाने का हक है लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि साड़ी का मूल तत्व ही मिटा दिया जाए जिसकी वजह से इसकी खूबसूरती है। यह हमारी सांस्कृतिक विरासत है। इससे उसी तरह पहनना चाहिए जिससे उसकी शोभा बनी रहे।

डिजाइनर वरिजा बजाज का कहना है कि दुनिया भर के डिजाइनर्स साड़ी को कई तरह से री-इनवेंट कर रहे हैं- साड़ी गाउन, लहंगा साड़ी, जीन्स के साथ साड़ी आदि।

## स्ट्रीट डांसर 3डी में श्रद्धा ने कटरीना कैफ को किया रिप्लेस

जब से फिल्म स्ट्रीट डांसर 3डी की अनाउंसमेंट हुई है, तभी से यह चर्चा में बनी हुई है। पहले फिल्म में लीड ऐक्टर्स के तौर पर वरुण धवन और कटरीना कैफ को लिया गया था। बाद में कैट ने खुद को इस प्रॉजेक्ट से अलग कर लिया और श्रद्धा कपूर ने उन्हें रिप्लेस किया।



फैंस वरुण और कटरीना को स्क्रीन पर एकसाथ देखने के लिए एक्साइटेड थे लेकिन चीजें वैसी नहीं हो सकीं, जैसी प्लान की गई थीं। इस बारे में बात करते हुए डायरेक्टर रेमो डीसूजा ने कहा कि वे कटरीना को कास्ट करना चाहते थे लेकिन डेट्स मैच नहीं कर रही थीं क्योंकि उनकी फिल्म भारत भी लाइन में थी। रेमो ने आगे कहा, इसके बाद हमने श्रद्धा को फिल्म के लिए चुना। वह बेहतरीन हैं और हम साथ में पहले काम कर चुके हैं। जो भी होता है, अच्छे के लिए होता है। वहीं, इस बारे में वरुण ने बताया, फिल्म से अलग होने से पहले कटरीना ने मुझे कॉल किया और बताया कि क्यों वह यह प्रॉजेक्ट छोड़ रही हैं।

## बच्चों के दूध की बोतल और सिपर में खतरनाक केमिकल

अपने छोटे बच्चों को स्वस्थ रखने के लिए पैरंट्स क्या-क्या नहीं करते हैं। उनकी सेहत के लिए मां-बाप हर छोटी-छोटी चीजों का ध्यान रखते हैं। उन्हें समय पर नहलाना, सुलाना या दूध पिलाना, बच्चों की हर जरूरत के लिए पैरंट्स हमेशा सतर्क रहते हैं। लेकिन अब एक रिसर्च में एक हैरानी वाली बात सामने आई है। जिस बोतल में आप बच्चे को दूध पिलाते हैं, उसमें खतरनाक केमिकल्स पाए गए हैं।



बच्चों की दूध की बोतल और सिपर में जहरीला केमिकल बिसफेनाल-ए पाया गया है। टॉक्सिक लिंक ने अपनी स्टडी में दावा किया है कि दिल्ली समेत देश के अलग-अलग राज्यों में बिक रही दूध की बोतल और सिपर बच्चों के लिए सेफ नहीं है। टॉक्सिक लिंक ने दूसरी बार यह स्टडी जारी की है। इससे पहले 2014 में भी इसी तरह की स्टडी की गई थी। इस स्टडी में साफ किया गया है कि बीआईएस (ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड) का खुलेआम उल्लंघन किया जा रहा है। ताजा रिसर्च में अलग-अलग राज्यों से दूध बोतल और सिपर के 20 सैंपल लिए गए। इनमें 14 बोतल और 6 सिपर शामिल थे। यह सैंपल दिल्ली के अलावा गुजरात, राजस्थान, केरल, आंध्र प्रदेश, झारखंड, महाराष्ट्र, मणिपुर से लिए गए। इनकी टेस्टिंग इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नॉलजी, गुवाहाटी में करवाई गई। स्टडी में सामने आया कि दूध की बोतल और सिपर में मौजूद बीपीए खाने में जा रहा है। इन सभी 20 सैंपलों में पहली बार में 0.9 पीपीबी और 10.5 पीपीबी मिला जबकि दूसरी बार में 0.008 पीपीबी और 3.46पीपीबी तक मिला है।